>

Title: Difficulties being faced by the patients in All India Institue of Medical Sciences (AIIMS) as a result of post of Director being lying vacant for the past six months.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देश का सबसे बड़ा एवं प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थान है। 2 जुलाई को एम्स के निदेशक श्री वेणु गोपाल सेवानिवृत्त हो चुके हैं। तब से आज तक एम्स में निदेशक पद पर किसी व्यक्ति की नियुक्ति नहीं की गई है। होना तो यह चाहिए था कि जब श्री वेणु गोपाल सेवानिवृत्त होने वाले थे, उससे पहले ही निदेशक का चयन कर लिया जाता। एम्स की चयन समिति ने दो व्यक्तियों के नाम की संस्तुति निदेशक पद के लिए की थी। प्रधानमंत्री कार्यालय से वह संस्तुति वापिस हो गई। एम्स का अच्छा-खासा बजट है, लेकिन इसके बावजूद भी दो हजार डाक्टर्स और स्टाफ की वहां कमी है। हम सांसदों की जो नियमित सिफारिशें रहती हैं, उनमें एक यह सिफारिश भी होती है कि हमारे हलके के मरीज को दिखाना है, उसके स्वास्थ्य का इंतजाम करवाना है। आज एम्स में यह स्थिति है कि मरीज परेशान है। डायरेक्टर न होने की वजह से वहां अव्यवस्था फैली हुई है। मरीजों को राहत पहुंचाने का कोई इंतजाम नहीं है। मैं आपके मार्फत निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार एम्स में निदेशक की नियुक्ति करे, ताकि वहां जो अव्यवस्था फैल रही है, उस पर अंकुश लग सके।

*â€¦ **

MR. SPEAKER: Do not use such words. No.

श्री रामजीलाल सुमन : अध्यक्ष महोदय, सही मायने में यही बात है। यह बहुत गंभीर सवाल है। सरकार तत्काल वहां निदेशक की नियुक्ति करे।

MR. SPEAKER: It is all right that you have raised an important matter. But do not make allegations. He is absent here and no notice is given to him. So, allegations ca[U6]nnot be made. Delete it.